नवभारत
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

## एक नजर में



### दिल्ली में एक्यूआई 535 के खतरनाक स्तर पर

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुएं की परत छाने से शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया. दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाईयां लागू की गई हैं. राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है. यह अत्यंत खतरनाक श्रेणी को दर्शाता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार हजरत निजामुद्दीन में एक्यूआई 408 दर्ज किया गया, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है और दृश्यता बहुत कम रही. अक्षरधाम में भी ऐसी ही स्थिति देखी गई.

### बांग्लादेश हिंसा में 7 साल की बच्ची की मौत

**ढाका/नई दिल्ली.** बांग्लादेश में हादी की मौत के बाद भड़की हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही हैं . शनिवार तड़के उपद्रवियों ने पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी के एक नेता के घर को आग के हवाले कर दिया. इस हमले में घर में सो रही 7 साल की मासूम बच्ची की जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं. पीड़ित बीएनपी नेता बेलाल हुसैन हैं, जो भबानीगंज यूनियन बीएनपी के सहायक संगठन सचिव भी बताए जा रहे हैं. इधर, शनिवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच छात्र नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को अंतिम विदाई दे दी. बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है.

### पाक के पूर्व पीएम और उनकी पत्नी को सजा

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राज्य के लग्जरी उपहारों की कम कीमत पर खरीद से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार को 17 साल की कैद की सजा सुनाई. विशेष केंद्रीय न्यायाधीश शहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अति सुरक्षा वाली अदियाला जेल के अंदर आयोजित सुनवाई के दौरान सुनाया. खान इसी जेल में बंद हैं. अभियोजन के अनुसार, मामला मई 2021 में आधिकारिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा खान को उपहार में दी गई महंगी बुलगारी ज्वेलरी सेट से संबंधित है.

# झीलों की नगरी में सुस्वागतम् मेट्रो

- सीएम डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री खट्टर बने यात्रा के साक्षी
- शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो संदेश प्रसारित



**5.51** बजे सुभाष नगर से एम्स स्टेशन के लिए रवाना हुई पहली मेट्रो

**18** मिनट में तय किया 7 किमी का सफर वापसी में दो मिनट अधिक लगे




प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 20 दिसंबर. राजा भोज की नगरी भोपाल के लिए शनिवार का दिन हमेशा के लिए अविस्मरणीय और ऐतिहासिक बन गया. शहरों के विकास का पर्याय माने जाने वाले मेट्रो ट्रेन की सौगात देश के चुनिंदा बड़े शहरों के साथ राजधानी भोपाल को भी मिल गई . भोपाल अब इंदौर के बाद प्रदेश का दूसरा शहर बन गया है, जहां मेट्रो दौड़ेगी. अब हम भी मेट्रो वाले हो गए हैं. राजधानीवासी रविवार से मेट्रो ट्रेन की यात्रा का आनंद ले सकेंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पहले कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से मेट्रो का औपचारिक शुभारंभ किया. यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया. बाद में वे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन भी पहुंचे और यहां भी उन्होंने मेट्रो को हरी झंडी दिखाई और फिर मेट्रो में सवार हो गए और औपचारिक शुभारंभ के बाद पहली यात्रा के साक्षी बने. सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से मेट्रो ठीक शाम 5 बजकर 51 मिनट पर रवाना हुई और ठीक 6 बजकर 9 बजे एम्स स्टेशन पहुंची , इस तरह लगभग सात किमी की सफर मेट्रो ने 18 मिनट में पूरा किया. यहां पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री खट्टर ने संक्षिप्त संबोधन दिया. उसके बाद मेट्रो की पहली औपचारिक रिटर्न यात्रा शाम 6 बजककर 49 मिनट पर शुरू हुई और ठीक 7.09 बजे सुभाष नगर स्टेशन पहुंची, इस तरह आने में कुल 20 मिनट का समय लिया, जो कि जाते समय लिए गए समय से दो मिनट अधिक था.

### आज सुबह 9 बजे होगा यात्रा का श्रीगणेश

रविवार से आमजन मेट्रो में सफर कर सकेंगे. भोपाल मेट्रो सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक संचालित होगी. लोगों को भोपाल मेट्रो में यात्रा करने के लिए पहले दिन से ही किराया चुकाना होगा. किराया 20 रुपये से शुरू होगा. तीन से पांच स्टेशन का किराया 30 रुपये तथा एम्स से सुभाष नगर तक का किराया 40 रुपये तय किया गया है. दिनभर में मेट्रो कुल 17 फेरे लगाएगी, जिनमें सुभाष नगर से आठ और एम्स स्टेशन से नौ फेरे होंगे. इसके लिए भोपाल मध्य प्रदेश मेट्रो कॉर्पोरेशन भोपाल ने शेड्यूल भी जारी कर दिया है. खास बात यह है कि एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पहुंचने में मेट्रो को महज 3 से 4 मिनट ही लगेंगे. मेट्रो 75 मिनट के अंतराल पर चलेगी और इसकी अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा होगी. फिलहाल यात्रियों को मैन्युअल टिकट लेना होगा.

### 7 किमी के सफर में 8 स्टेशन पर रुकेगी मेट्रो

भोपाल मेट्रो के पहले चरण में शनिवार को ऑरेंज लाइन जिसे प्रायोरिटी कॉरीडोर कहा गया है, का शुभारंभ किया गया है. लगभग 7 किलोमीटर के इस खंड में 8 एलिवेटेड स्टेशन शामिल बनाए गए हैं. जहां मेट्रो रूकेगी. यह स्टेशन एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, केन्द्रीय विद्यालय एवं सुभाष नगर है.

**प्रतिदिन 3 हजार लोगों के यात्रा करने का अनुमान**

भोपाल मेट्रो की अनुमानित लागत 10 हजार 33 करोड़ रुपये है. इसमें प्रायोरिटी कॉरिडोर की लागत 2 हजार 225 करोड़ रुपये है. प्रायोरिटी कॉरीडोर की लंबाई 7 किलोमीटर है और इस रुपये में प्रतिदिन 3 हजार लोगों के यात्रा करने का अनुमान है.

## मेट्रो ट्रेन से विकास को लग जाते हैं पंख : सीएम डॉ. मोहन यादव

मेट्रो से सफर के बाद एम्स स्टेशन में पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रो ट्रेन से विकास को पंख लग जाते हैं. इससे शहर के विकास की नई कहानी शुरू हो जाती है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सफर के दौरान भी अनेक यात्रियों से बातचीत की और उनके अनुभव जाने. मुख्यमंत्री ने भोपाल की इस मेट्रो ट्रेन यात्रा में अपना अनुभव बताते हुए कहा कि ऊंचाई पर बने ट्रैक से ट्रेन यात्रा करते हुए दोनों ओर शहर की हरियाली और सुंदरता देखने का अनुभव भी अपने आप में बेजोड़ है. उन्होंने कहा कि भोपाल में यह शहरी ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में बड़ी सौगात है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी यात्रियों सहित एम्स आने वाले रोगियों और नागरिकों के लिए यह महत्वपूर्ण सुविधा है. इंदौर मेट्रो से जुड़े हर कार्य के लिए केंद्र सरकार आवश्यक धनराशि भी प्रदान कर रही है.

### अगले दो वर्ष में 30 किमी में चलने लगेगी मेट्रो : खट्टर

केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल ने भोपाल को मिली इस विशेष सुविधा को समय की बचत और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने भोपालवासियों को मेट्रो ट्रेन प्रारंभ होने पर बधाई दी. उन्होंने कहा कि भोपाल में अभी 7 किमी में मेट्रो शुरू हुआ है. अगले दो वर्ष में 30 किमी में मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा. इसे मिलाकर अब देश में मेट्रो की कुल लंबाई 1090 किमी हो गई है और 900 किमी पाइपलाइन में है. इसमें से 300 किमी में और परिचालन शुरू होने पर भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे ज्यादा मेट्रो सेवा देने वाला देश बन जाएगा.

### 30 स्कूली बच्चों सहित 300 ने किया पहला सफर

मेट्रो में उद्घाटन यात्रा के साक्षी 30 स्कूली बच्चे भी रहे, उन्होंने सीएम और केंद्रीय मंत्री के साथ मेट्रो की यात्रा की. उनके हाथों में पोस्टर भी थे, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी और सीएम को मेट्रो के लिए धन्यवाद दिया. मेट्रो में इन बच्चों के साथ ही लगभग 300 लोग सवार हुए और पहली यात्रा को यादगार बनाया.

# मेट्रोपोलिटन एरिया में होंगे 12 नगर

## 30 तहसीलें, 2524 गांव होंगे शामिल, 12099 वर्ग किमी होगा क्षेत्र

- भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया का मैप किया गया लांच
- 5800 करोड़ के विकास कार्यों का भी किया गया शुभारंभ

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 20 दिसंबर. कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में भोपाल मेट्रो के शुभारंभ के मौके पर कुल 5800 करोड़ के 262 विकास कार्यों का सिंगल क्लिक से शुभारंभ किया गया.**

इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश के पहले भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया का मैप भी लांच किया गया. भोपाल मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में भोपाल जिले सहित राजधानी के पड़ोसी 5 जिलों रायसेन, विदिशा, राजगढ़, सीहोर और नर्मदापुरम का क्षेत्र शामिल रहेगा. इसमें कुल 12 नगरीय क्षेत्र और 30 तहसीलें शामिल रहेंगी. इस क्षेत्र में लगभग 2524 ग्राम, कुल 12,099 वर्ग किलोमीटर के साथ शामिल होंगे.

### 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे

यहां बता दें कि पहले ही इसके लिए महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की पहल की गई है. मंडीदीप सहित गोंविदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल आई.टी. पार्क, सीहोर जिले का आष्टा एग्रो प्रोसेसिंग और नर्मदापुरम जिले का मोहासा इंडस्ट्रियल एरिया भी महानगर क्षेत्र में शामिल रहेगा. लगभग 10 लाख नए रोजगार उत्पन्न होंगे. मेट्रो के विस्तार और बेहतर सड़क और रेल सम्पर्क से राज्य और देश के अन्य शहरों तक सुगम पहुंच होगी.

# असम में ट्रेन की चपेट में आने से 7 हाथियों की मौत

**मालिगांव, 20 दिसंबर . असम के जमुनामुख-कामपुर खंड में शनिवार तड़के एक बड़ा रेल हादसा टल गया. लुमडिंग मंडल के जामुनामुख-कंपूर सेक्शन में ट्रेन संख्या 20507 डाउन सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस हाथियों के झुंड से टकरा गई, जिसके कारण ट्रेन का इंजन और पांच कोच पटरी से उतर गए.**



यह हादसा सुबह करीब 2:17 बजे हुआ. हालांकि, राहत की बात यह है कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और न ही किसी तरह की जनहानि हुई. यह क्षेत्र गुवाहाटी से लगभग 126 किलोमीटर दूर है.



### एयर इंडिया के पायलट पर यात्री से मारपीट का आरोप

**नई दिल्ली.** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट कैप्टन वीरेंद्र ने एक यात्री अंकित देवन को पीट दिया. इसके बाद एयरलाइन ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे ड्यूटी से हटा दिया है.

**सौगात** गुवाहाटी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन, पीएम मोदी बोले

# देश के भविष्य का नया सूर्योदय पूर्वोत्तर से होगा

- पीएम मोदी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगाए आरोप
- 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास आज

**गुवाहाटी, 20 दिसंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुवाहाटी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया और कहा कि देश के भविष्य का नया सूरज पूर्वोत्तर से निकलेगा, जिसका नेतृत्व असम करेगा.**



रविवार को पीएम मोदी 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे.

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को जानबूझकर विकास से दूर रखने का आरोप लगाया और कहा कि उसने (कांग्रेस) मजहबी तुष्टिकरण के लिए असम में घुसपैठियों को खुली छूट दी.

> उन्होंने कहा कि आज का दिन विकास के उत्सव का दिवस है. आधुनिक हवाई अड्डे की सुविधा, संपर्क के नए साधन किसी राज्य के लिए नये अवसरों के गौरव होते हैं. उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर घुसपैठियों के पक्ष में बयानबाजी का आरोप लगाया.


